https://www.mjpruonline.com

Total No. of Questions : 5] [Total No. of Printed Pages : 7

Paper Code : 11109

231

B.A. (Part III) Examination, 2019

(Three-year Degree Course)

(New Course)

HINDI LITERATURE

Paper–I

(अद्यतन काव्य)

Time : 3 Hours] [Maximum Marks : 75

नोट :– निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं चार की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : प्रत्येक 5

(क) अगर मैं तुमको

ललाती साँझ के नभ के अकेली तारिका

अब नहीं कहता

या शरद के भोर की नीहार-न्हायी कुँई,

टटकी कली चम्पे की

वगैरह, तो

नहीं कारण कि मेरा हृदय उथला या कि सूना है

या कि मेरा प्यार मैला है,

https://www.mjpruonline.com

https://www.mjpruonline.com

https://www.mjpruonline.com

https://www.mjpruonline.com

बल्कि केवल यही

ये उपमान मैले हो गये हैं।

देवता इन प्रतीकों के कर गये हैं कूच।

कभी वासन अधिक घिसने से मुलम्मा छूट जाता है।

(ख) याद आते स्वजन

जिनकी स्नेह से भीगी अमृतमय आँख

स्मृति विहंगम की कभी थकने न देगी पाँख

याद आता मुझे अपना 'तरउनी' ग्राम

याद आती लीचियाँ, वे आम

याद आते मुझे मिथिला के रुचिर भू-भाग

याद आते धान

याद आते कमल, कुमुदनी और ताल मखान

याद आते शस्य-श्यामल जनपदों के

रूप-गुण-अनुसार ही रखे गये वे नाम

(ग) वेदना में हम विचारों की

गुँथे तुम से

बिंधे तुम से

व आवेष्टित परस्पर हो गये !!

कर्मण्य-क्षिप्रा-तीर पर !!

https://www.mjpruonline.com

https://www.mjpruonline.com

.... कोई नहीं थे हम तुम्हारे किन्तु
सहचर हो गये
चाहे जलधि, पर्वत, हजारों मील की दूरी
हमारे बीच में आ जाय,
फिर भी मानसिक अदृश्य सूत्रों से
हमारी आत्माएँ परस्पर बात करती हैं।

(घ) सभी शब्द हमारे-हमारे ही कोश में हैं
एक प्यार के वास्तविक शब्द को छोड़कर
हमारा गर्व एक-दूसरे को पीस रहा है हम मात्र जबड़े हैं
अत्यन्त शक्तिशाली जबड़े हम सभी,
पशु-गर्व हमें देखकर कुछ सीखे ही सीखे,
हमारी कलायें अत्याधुनिक हैं, संगीन और सुष्ठु,
वैज्ञानिक अनुभूतियों की निर्मम पराकाष्ठा पर
ओ संजय! ओ संजय!!
ओ हमारे आने वाले वैशम्पायन!!!

(ङ) मैं सन्नाटा हूँ फिर भी बोल रहा हूँ
मैं शान्त बहुत हूँ फिर भी डोल रहा हूँ।
ये सर-सर ये खड़-खड़ सब मेरी है
है यह रहस्य मैं इसको खोल रहा हूँ

https://www.mjpruonline.com

https://www.mjpruonline.com

मैं सूने में रहता हूँ ऐसा सूना,
जहाँ घास उगा रहता है ऊना-ऊना
और झाड़ कुछ इमली के, पीपल के
अंधकार जिनसे होता है दूना।

(च) ग्वालिन-सी ले दूब मधुर
वसुधा हँस-हँस कर गले मिली,
चमका अपने स्वर्ण सींग वे
अब शैलों से उतर चलीं
बरस रहा आलोक दूध है,
खेतों खलिहानों में,
जीवन की नव किरन फूटती
मकई के धानों में,
सरिताओं में सोम दुह रहा, वह अहीर मतवाला।

(छ) मैं कितनी बार केवल तुम्हारे लिए धूल में मिली हूँ
धरती में गहरे उतर जड़ों के सहारे
तुम्हारे कठोर तने के रेशों में कलियाँ बन, कोंपल
बन, सौरभ बन, लाली बन-
चुपके से सो गयी हूँ
कि कब मधुमास आए और तुम कब मेरे
प्रस्फुटन से छा जाओ !

https://www.mjpruonline.com

https://www.mjpruonline.com

https://www.mjpruonline.com

2. 'नई कविता' की परिभाषा देते हुए नई कविता की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

'अज्ञेय' की काव्य कला पर प्रकाश डालिए।

अथवा

नागार्जुन के काव्य की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

3. नयी कविता की विशेषताओं के आधार पर मुक्तिबोध के काव्य का मूल्यांकन कीजिए। 10

अथवा

"शमशेर बहादुर रोमानी, संस्कार, मार्क्सवादी चिन्तन जीवन-सौन्दर्य और प्रयोगशील शिल्प के कवि हैं।" स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'नरेश मेहता' के काव्य में प्रेम और प्रकृति तथा रोमांस एवं सौन्दर्य का सफल उद्घाटन हुआ है। सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के लघु उत्तर दीजिए : प्रत्येक 5

(i) शमशेर बहादुर के काव्य में मार्क्सवाद के दर्शन होते हैं। संक्षेप में उत्तर दीजिए।

(ii) 'नदी के द्वीप' अज्ञेय की कविता का सार लिखिए।

(iii) 'नागार्जुन' कवि के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

https://www.mjpruonline.com

https://www.mjpruonline.com

https://www.mjpruonline.com

(iv) भवानीप्रसाद मिश्र की 'सतपुड़ा के जंगल' कविता का मूल प्रतिपाद्य लिखिए।

(v) शिव मंगल सिंह 'सुमन' की कविताओं का नामोल्लेख करते हुए नई कविता में उनका स्थान निर्धारित कीजिए।

(vi) 'आलोक धन्वा' कवि का संक्षेप में परिचय दीजिए।

(vii) मुक्तिबोध की काव्य भाषा पर प्रकाश डालिए।

(viii) 'धर्मवीर भारती' का साहित्य में क्या योगदान है ? प्रकाश डालिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दीजिए : प्रत्येक 1

(i) तृतीय 'तार सप्तक' का प्रकाशन कब हुआ ?

(ii) 'जी हाँ हुजूर मैं गीत बेचता हूँ' किस कवि की कविता है ?

(iii) 'संसद से सड़क तक' कविता के रचनाकार का नाम बताइए।

(iv) 'अज्ञेय' का पूरा नाम लिखिए।

(v) 'तार सप्तक' के सम्पादक कौन हैं ?

(vi) नरेश मेहता को 'ज्ञानपीठ' पुरुस्कार किस सन् में मिला ?

(vii) 'धर्मयुग' पत्रिका के सम्पादक का नाम लिखिए।

(viii) 'कबीर सम्मान', मैथिलीशरण गुप्त, साहित्य अकादमी सम्मान से विभूषित कवि का नाम बताइए।

https://www.mjpruonline.com

https://www.mjpruonline.com

https://www.mjpruonline.com

https://www.mjpruonline.com

(ix) पाठ्यक्रम में संकलित कवियों में से 'कवि एवं गजलकार' कवि का नाम बताइए।

(x) 'कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास' पंक्ति किस कविता की है ?

(xi) हिन्दी के चारों कालों में से नई कविता किस काल की कविता है ?

(xii) 11 सितम्बर, 1964 को 45 वर्ष की अल्पायु में काल कवलित हुए कवि का नाम बताइए।

https://www.mjpruonline.com

https://www.mjpruonline.com

https://www.mjpruonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.mjpruonline.com